दिनांक : 24 .11.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम में लेंगे हिसा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला की करेंगे शुरुआत।
- छठा अंतरराष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन आज नई दिल्ली में होगा शुरू।
- पांचवां खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल आज से राजस्थान में शुरू, 230 से अधिक विश्वविद्यालयों के लगभग 5 हज़ार खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

पीएम-अयोध्या धर्म ध्वज

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में, कल धर्म ध्वजरोहण से पहले, आज भव्य विधिविधान संपन्न हो रहे हैं। ध्वजरोहण राम मंदिर निर्माण कार्य के समापन का प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे और ध्वज रोहण कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे कल अयोध्या में रोड शो भी करेंगे। राम मंदिर क्षेत्र में कल आयोजन के तीसरे दिन वैदिक विधिविधान के साथ विभिन्न देवी-देवताओं का आवाहन और पूजन संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी - कनाडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन से अलग कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार, ऊर्जा तथा शिक्षा के क्षेत्र में संबंध मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में पिछली मुलाकात के बाद भारत-कनाडा संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश क्षेत्र में मजबूती की बड़ी संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री-पंचायत कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में पंचायतों को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम 24 से 26 नवंबर तक कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में चलेगा। तीन दिनों तक मनरेगा, आजीविका मिशन, स्वच्छ ग्राम, पेयजल और पंचायतों के बेहतर कामकाज जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ भी करेंगे और जलदृगंगा संवर्धन अभियान में अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। कार्यशाला में पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल होंगे।

एसआईआर

निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक, विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में देशभर के मतदाताओं को अब तक 50 करोड़ 47 लाख से ज़्यादा गणना प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। यह इस चरण के कुल मतदाताओं का लगभग 99 प्रतिशत है। प्रदेश में भी एसआईआर के तहत फॉर्मों का डिजिटाइजेशन जारी है। रविवार तक 57.05 प्रतिशत फॉर्म डिजिटल हो चुके हैं। बूथ लेवल अफसर अब तक 5 करोड़ 73 लाख से ज्यादा घरों में जाकर फॉर्म दे चुके हैं। भोपाल कलेक्टर ने मतदाताओं से बी.एल.ओ के सहयोग की अपील की है।

श्रम कानून-प्रतिक्रिया

सरकार द्वारा पुराने और जटिल श्रम कानूनों के स्थान पर चार सरल और व्यापक लेबर कोड लागू करने के फैसले को देशभर के नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रायसेन जिले के नव युवक अवनीश प्रताप सिंह ने सरकार के निर्णय की सराहना की ...

कृषि विज्ञान सम्मेलन

छठा अंतरराष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिहं चौहान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। तीन दिन के इस कार्यक्रम में पूर्ण सत्र, विषयगत संगोष्ठी, मुख्य व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, प्रदर्शनी तथा युवा वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों की बैठक आयोजित होगी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन में एक हजार से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि शामिल होंगे और यह विश्व स्तरीय वैज्ञानिक विचार-विमर्श का प्रभावी मंच बनेगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम है - स्मार्ट कृषि खाद्य प्रणालियों के लिए नई कृषि विज्ञान परिकल्पना।

अच्छी खबर-झाबुआ

मजबूत इरादा हो तो छोटा कदम भी एक बड़ी दिशा दे सकता है। ऐसी ही कहानी है झाबुआ ज़िले के थांदला क्षेत्र में रहने वाली ममता कतीजा की। जिन्होने प्रिंटिंग प्रेस स्थापित कर एक मिशाल पैश की है।

संगोष्ठी-मऊ

इंदौर के आर्मी वॉर कॉलेज, मऊ में आज से दो दिवसीय 27वीं सिद्धांत और रणनीति संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस दो-दिवसीय कार्यक्रम का मकसद भविष्य के युद्ध और सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना की तैयारी को मजबूत करना है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

पांचवां खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल आज से राजस्थान में शुरू हो रहे हैं। प्रतियोगिता में ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज और प्रसिद्ध तीरंदाज भजन कौर सहित लगभग 5 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। इस वार्षिक प्रतियोगिता में 230 से अधिक विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी 24 खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। ये प्रतियोगिताएं जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और बीकानेर में आयोजित होंगी।

मौसम

प्रदेश में ठंड अब तेज़ होती जा रही है और कई जगहों पर सुबह-सुबह घना कोहरा भी दिखने लगा है। पिछले 24 घंटों में पूरे प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। इंदौर, उज्जैन, चंबल, रीवा और सागर संभाग में तापमान सामान्य से करीब 2 डिग्री तक नीचे रहा, जबकि बाकी जिलों में तापमान लगभग सामान्य रहा। सबसे ज्यादा ठंड पचमढ़ी में दर्ज की गई, जहाँ रात का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन का तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

56वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन 20 से 28 नवंबर, तक गोवा के पणजी में किया जा रहा है। इस महोत्सव में कल जापान विशेष आकर्षण का केंद्र बना। जापानी सिनेमा को लेकर विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

खंडवा में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह आज खालवा, बूटीढ़ाना और गुलाईमाल गावों का दौरा करेंगे। वे खालवा में शासकीय महाविद्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यकम में शामिल होंगे।

नीमच में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कल जिला जेल का औचक निरीक्षण किया।

राजगढ़ में दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है।
सागर में निजी बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है। इनमें दो सगे भाई थे। एक्सीडेंट रहली थाना इलाके के अनंतपुरा गांव के पास हुआ है।

-------